Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में शनिवार
सायं 6:13 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में रविवार
सुबह 5:59 बजे

# सांध्य दैनिक उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 19 अंक 85 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | शनिवार, 19 सितम्बर 2026

अभिनेत्री से फहाद अहमद को...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### स्कूल के उच्चीकरण के लिए ग्रामीणों के साथ नानकमत्ता विधायक ने दिया धरना

नानकमत्ता। नानकमत्ता स्थित राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के उच्चीकरण की मांग के लिए गांव में पिछले 18 दिनों से अनिश्चितकालीन धरना दे रहे ग्रामीणों ने 19वें दिन उप तहसील पहुंचकर धरना दिया। ग्रामीणों के साथ नानकमत्ता विधायक गोपाल सिंह राणा भी धरने पर बैठे। आक्रोशित ग्रामीणों ने मांग पूरी न होने पर आत्मदाह की चेतावनी दी। नानक सागर पार बसे गांव सभा ऐंचिता विद्दी, देवपुरा और गिद्धौर के ग्रामीणों ने शुक्रवार को उप तहसील में गांव के राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के उच्चीकरण की मांग पर धरना देकर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने कहा कि वह पिछले 18 दिनों से गांव के विद्यालय के सामने धरना प्रदर्शन कर रहे थे, लेकिन शासन प्रशासन ने उनकी सुध नहीं ली। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि वह पिछले 15 वर्षों से विद्यालय के उच्चीकरण की मांग कर रहे हैं लेकिन शासन-प्रशासन गहरी नींद सोया हुआ है।

### मिनिस्टीरियल कार्मिकों ने काला फीता बांध किया प्रदर्शन

अल्मोड़ा। मांगों के लिए मिनिस्टीरियल कार्मिकों का विरोध प्रदर्शन को मुख्य शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जारी रहा। कार्मिकों ने काला फीता बांधकर गेट मीटिंग की और मांगों के समर्थन में नारेबाजी की। सभा में वक्ताओं ने कनिष्ठ सहायकों का ग्रेड वेतन 2000 से बढ़ाकर 2800 रुपये करने, मिनिस्टीरियल संवर्ग में पर्याप्त पद सृजित करने और कॉमन सेवा नियमावली लागू करने की मांग उठाई। साथ ही सेवा नियमों में व्यावहारिक संशोधन, गोल्डन कार्ड एवं उपचार देयकों का समयबद्ध लाभ, एसीपी व एमएसीपी का लाभ और लंबित पदोन्नतियां समय पर देने की मांग की गई। इस दौरान जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष ललित कुमार भट्ट, कुमाऊं मंडल महामंत्री पंकज जोशी, जिला मंत्री महेंद्र सिंह गुसाईं और कुमाऊं मंडल अध्यक्ष मोहित कनवाल ने सभा को संबोधित किया।

# सीएम धामी ने दी मियांवाला को 8.64 करोड़ की सौगात

देहरादून
हमारे संवाददाता

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि 'जल सृष्टि पार्क' प्राकृतिक सौंदर्य और आधुनिक सुविधाओं का सुंदर समन्वय है। पार्क में बच्चों, युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों सहित सभी आयु वर्ग के लोगों की सुविधाओं का ध्यान रखा गया है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को मियांवाला में मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) द्वारा करीब 8 करोड़ 64 लाख की लागत से विकसित 'जल सृष्टि पार्क' का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री की घोषणा के तहत विकसित इस पार्क को पुराने तालाब का पुनर्जीवन कर तैयार किया गया है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने क्षेत्रवासियों को नए पार्क की सौगात मिलने पर बधाई दी और इसे स्वच्छ, स्वस्थ एवं हरित देहरादून की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि 'जल सृष्टि पार्क' प्राकृतिक सौंदर्य और आधुनिक सुविधाओं का सुंदर समन्वय है। पार्क में बच्चों, युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों सहित सभी आयु वर्ग के लोगों की सुविधाओं का ध्यान रखा गया है। पुराने तालाब को खत्म करने के बजाय उसका पुनर्जीवन कर पार्क को विकसित किया गया है। तालाब के बीच आकर्षक आइलैंड बनाया गया है, जबकि लोगों के मनोरंजन के लिए पेडल बोटिंग की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है।



**लोकार्पण**

- विकसित 'जल सृष्टि पार्क' का किया लोकार्पण

मुख्यमंत्री ने कहा कि पार्क के विकास से रायपुर क्षेत्र को एक नया आकर्षण मिला है। उन्होंने कहा कि यहां आने वाले लोगों को देहरादून में ही 'नैनीताल जैसी फीलिंग' का अनुभव मिल सकेगा। जल स्रोत जल और जंगल का विशेष महत्व रहा है। जल स्रोतों और तालाबों का संरक्षण केवल पर्यावरण बचाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हमारी विरासत और आने वाली पीढ़ियों के लिए विरासत बचाने का भी प्रयास है। कहा कि भारतीय संस्कृति में जल और जंगल का विशेष महत्व रहा है। जल स्रोतों और तालाबों का संरक्षण केवल पर्यावरण बचाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हमारी विरासत और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को सुरक्षित करने का भी प्रयास है। उन्होंने कहा कि सरकार विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन बनाकर आगे बढ़ रही है।

**यमन में 24 घंटों में उनके कब्जे वाले इलाकों पर 26 हमले**

# सऊदी अरब और हूतियों में बढ़ा तनाव, रियाद में फिर हुए धमाके

नई दिल्ली
एजेंसी

सऊदी अरब और हूतियों के बीच तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है। रियाद में एयर अलर्ट जारी किए गए हैं। वहीं, हूतियों ने दावा किया है कि सऊदी ने उनके ठिकानों पर 26 हमले किए हैं। इन हमलों का असर अब सुरक्षा के साथ-साथ तेल सप्लाई पर भी पड़ता दिख रहा है।

सऊदी अरब की राजधानी रियाद में शनिवार तड़के धमाकों की आवाजें सुनी गईं। स्थानीय लोगों को मोबाइल ऐप के जरिए हवाई सुरक्षा संबंधी अलर्ट मिले। बाद में सऊदी नागरिक सुरक्षा निदेशालय ने एक्स पर एक बयान जारी कर कहा कि रियाद और अल-खर्ज में खतरा टल गया है। साथ ही, लोगों से अपील की गई कि वे निर्देशों का पालन करते रहें और भीड़ न लगाएं या वीडियो न बनाएं।

वहीं, यमन के हूती विद्रोहियों ने शुक्रवार को कहा कि सऊदी अरब ने पिछले 24 घंटों में उनके कब्जे वाले इलाकों पर 26 हमले किए हैं।



ईरान-समर्थित इस गुट और यमन की रियाद-समर्थित सरकार के बीच देश में फिर से गृहयुद्ध छिड़ गया है। गुट ने कहा कि पिछले हफ्ते उनके ठिकानों पर सऊदी हमलों की संख्या 300 तक पहुंच गई है और इन हमलों में हूती-नियंत्रित यमन के कई इलाकों को निशाना बनाया गया। इससे पहले चेतावनी दी गई थी, अल-खर्ज गवर्नरेट में आपातकालीन स्थितियों के लिए राष्ट्रीय प्रारंभिक चेतावनी मंच ने खतरे की चेतावनी देने के लिए एक अलर्ट जारी किया है। सऊदी सिविल डिफेंस ने बताया कि गुरुवार को पश्चिमी सऊदी अरब के ताइफ में हूती समूह के एक ड्रोन का मलबा गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। इस ड्रोन को बीच में ही रोककर नष्ट कर दिया गया था। सऊदी अरब और यमन के हूती विद्रोहियों के बीच पिछले कुछ दिनों में तनाव तेजी से बढ़ा है। हूतियों ने सऊदी शहरों पर मिसाइल और ड्रोन हमले किए, जिनमें कई लोगों के घायल होने और घरों-वाहनों को नुकसान की खबर है।

# एच-1बी वीजा: ट्रंप प्रशासन ने 1 लाख डॉलर शुल्क एक साल बढ़ाया

नई दिल्ली
एजेंसी

एच-1बी वीजा को लेकर ट्रंप प्रशासन ने एक बार फिर बड़ा फैसला लिया है। एक लाख डॉलर का शुल्क एक साल और बढ़ाने के साथ जांच भी सख्त होगी।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एच-1बी वीजा पर विदेशी कर्मचारियों को अमेरिका लाने वाले नियोक्ताओं पर लगने वाला 1 लाख अमेरिकी डॉलर का शुल्क एक साल के लिए बढ़ा दिया है। व्हाइट हाउस ने यह जानकारी दी।

राष्ट्रपति ट्रंप ने शुक्रवार को घोषणा करते हुए कहा कि 2025 में 1 लाख अमेरिकी डॉलर शुल्क लगाने के फैसले के बाद बड़ी आईटी आउटसोर्सिंग कंपनियों की एच-1बी पंजीकरण संख्या में 92 प्रतिशत की कमी आई है। ट्रंप ने कहा, 2025 की घोषणा को एक साल के लिए बढ़ाने से अमेरिका के आर्थिक और राष्ट्रीय सुरक्षा हितों की रक्षा जारी रहेगी। इससे अमेरिकी कर्मचारियों और स्नातकों के लिए रोजगार बाजार तक पहुंच बेहतर होगी। साथ ही यह सुनिश्चित होगा कि नियोक्ता जरूरत पड़ने पर केवल सबसे ज्यादा कुशल और जरूरी विदेशी कर्मचारियों की भर्ती करें। यह कार्यक्रम के मूल उद्देश्य के अनुरूप होगा। अमेरिका के एच-1बी वीजा कार्यक्रम से सबसे ज्यादा लाभ पाने वाला समूह अब भी भारतीय नागरिक हैं। 2025 में 1 लाख अमेरिकी डॉलर शुल्क लगाने के फैसले को कानूनी चुनौती भी मिली है। यह मामला दो अलग-अलग संघीय अदालतों में चल रहा है।




2025 में शुल्क बढ़ाने का आदेश इसी महीने खत्म होने वाला था। यह आदेश उन विदेशी नागरिकों को दिए जाने वाले वीजा पर लागू नहीं था, जो पहले से छात्र वीजा पर अमेरिका में रह रहे हैं। नए एच-1बी वीजा पाने वालों में ऐसे लोगों की बड़ी संख्या है। यह शुल्क मौजूदा वीजा के नवीनीकरण पर भी लागू नहीं था।

इस आदेश में श्रम मंत्री के लिए 30 दिन की समय सीमा भी तय की गई है। श्रम मंत्री मजदूरी और घंटे विभाग के माध्यम से पहले जमा किए गए श्रम स्थिति आवेदनों के आंकड़ों की समीक्षा शुरू करेंगे। इस समीक्षा से यह तय किया जाएगा कि एच-1बी वीजा के लिए कर्मचारियों को प्रायोजित करने वाले नियोक्ताओं के खिलाफ आगे कोई कार्रवाई जरूरी है या नहीं।

# अब राजाजी टाइगर रिजर्व में फुल डे सफारी की तैयारी

देहरादून
हमारे संवाददाता

राजाजी टाइगर रिजर्व प्रबंधन मध्य प्रदेश की तर्ज पर फुल डे सफारी कराने की योजना को लेकर प्रस्ताव तैयार कर रहा है। इसमें हर गेट पर दो-दो वाहनों के माध्यम से फुल डे सफारी कराई जा सकेगी।

प्रदेश में इको टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए बीते वर्षों में कई नए जोन भी खोले गए हैं। इसके अलावा अन्य विकल्पों को बढ़ाया गया है। अगर राजाजी टाइगर रिजर्व की बात की जाए तो यहां पर चीला, मोतीचूर, चिलावाली और रानीपुर गेट के माध्यम से सुबह और शाम दो शिफ्टों में तय वाहनों के माध्यम से सफारी की पर्यटक कर सकते हैं। यह दोनों शिफ्ट चार- चार घंटे की होती है। अब राजाजी टाइगर रिजर्व प्रबंधन मध्य प्रदेश की तर्ज पर फुल डे सफारी कराने की योजना को लेकर प्रस्ताव तैयार कर रहा है। इसमें हर गेट पर दो-दो वाहनों के माध्यम से फुल डे सफारी कराई जा सकेगी। इसका शुल्क भी अधिक होगा। अधिकारियों के अनुसार राज्य में अभी तक कहीं पर भी फुल डे सफारी की व्यवस्था नहीं है।




# किसान बनाम कॉरपोरेट पर आर-पार की तैयारी, जालंधर में गूंजेगा खेती का संकट

**राष्ट्रीय सम्मेलन में किसान आंदोलन की नई रणनीति पर मंथन, केंद्र की कृषि नीतियों पर बरसे किसान नेता**

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

खेत से लेकर बीज तक के सवालों को लेकर किसान महासभा अब राष्ट्रीय मंच पर हुंकार भरने की तैयारी में है। किसानों की बदहाल स्थिति, कृषि नीतियों और खेती में बढ़ते कॉरपोरेट प्रभाव के मुद्दे पर अखिल भारतीय किसान महासभा का पांचवां राष्ट्रीय सम्मेलन 20-21 सितंबर को जालंधर में होगा। सम्मेलन में शामिल होने के लिए नैनीताल जिले के प्रतिनिधियों का दल रवाना हो गया है।

किसान महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष बहादुर सिंह जंगी ने कहा कि सम्मेलन में देश की खेती और किसानों के सामने खड़े गंभीर संकट पर चर्चा के साथ आंदोलन की आगामी रणनीति तय की जाएगी। उन्होंने केंद्र सरकार के किसान हितैषी होने के दावों पर सवाल उठाते हुए कृषि नीतियों को किसान विरोधी बताया। डॉ. कैलाश पाण्डेय ने कहा कि असली सवाल यह है कि खेती की व्यवस्था आखिर किसान के हाथ में रहेगी या बड़े कॉरपोरेट के हाथों में जाएगी। उन्होंने भारत-अमेरिका कृषि व्यापार समझौते और प्रस्तावित बीज विधेयक को लेकर विरोध जताते हुए आरोप लगाया कि इससे किसानों, खेत मजदूरों और खाद्य सुरक्षा पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। जिला सचिव नैन सिंह कोरंगा ने महंगाई, बेरोजगारी, शिक्षा, भ्रष्टाचार और भूमि-अधिकार जैसे मुद्दे उठाते हुए भाजपा सरकार पर जनता का ध्यान बांटने के लिए विभाजनकारी राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने मजदूर-किसान एकता के जरिए सरकार की नीतियों के खिलाफ संघर्ष तेज करने की बात कही। बिंदुखत्ता, बागजाला, सुल्तानगरी और पर्वतीय क्षेत्रों से पहुंचे प्रतिनिधि सम्मेलन में नैनीताल जिले की आवाज उठाएंगे। प्रतिनिधिमंडल में बहादुर सिंह जंगी, डॉ. कैलाश पाण्डेय, नैन सिंह कोरंगा, पुष्कर दुबड़िया, किशन बघरी, प्रेम सिंह नयाल, निर्मला शाही, कमल जोशी, परवेज अहमद, उर्मिला मौर्य, दीवान सिंह बर्गली, अमीर चंद, अंबा दत्त बसखेती, त्रिलोक शाह, जयंती नयाल और निशा शामिल हैं।



# 1880 के नैनीताल भूस्खलन के दिवंगतों को किया याद

नैनीताल

हमारे संवाददाता



वर्ष 1880 में नैनीताल में हुए विनाशकारी भूस्खलन में जान गंवाने वाले लोगों की स्मृति में शुक्रवार को सेंट जॉन्स.इन.द.वाइल्डरनेस चर्च में विशेष स्मृति प्रार्थना सभा आयोजित की गई। 18 सितंबर 1880 की इस त्रासदी की स्मृति में आयोजित सेवा में नगर के विभिन्न शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं प्रतिनिधियों ने भाग लिया और प्रार्थना तथा भजनों के माध्यम से दिवंगत लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

सेंट निकोलस एवं सेंट जॉन्स.इन.द.वाइल्डरनेस चर्च के प्रेस्बिटर.इन.चार्ज रेवरेंड जॉन जॉर्ज मुन्नवर के नेतृत्व में आयोजित सेवा का शुभारंभ आराधना के आह्वान से हुआ। इसके बाद सामूहिक रूप से ओ गॉड अवर हेल्प इन एजेज पास्ट भजन प्रस्तुत किया गया। श्री सौंदिप मंडल ने उद्घाटन प्रार्थना कीए जबकि मास्टर संजीत विकटर ने प्रथम धर्मग्रंथ पाठ के रूप में भजन संहिता 46 का पाठ किया। कार्यक्रम में शेरवुड कॉलेज की ओर से भजन संहिता 23- द लॉर्ड्स माई शेपर्ड और इट इज़ वेल विद माय सोलष् की प्रस्तुति दी गई। इसके बाद ऑल सेंट्स कॉलेज की ओर से विशेष भजन प्रस्तुत किया गया। ऑल सेंट्स कॉलेज के क्वायर ने यू आर याहवे की भावपूर्ण प्रस्तुति दी। मास्टर हृदयान सिंह ने 1 कुरिन्थियों 15ः20-28 का दूसरा धर्मग्रंथ पाठ किया। सेंट मैरीज़ कॉन्वेंट कॉलेज और बिशप शॉ स्कूल की ओर से भी विशेष भजनों की प्रस्तुति दी गई। इसके बाद श्रद्धालुओं ने नियरर माय गॉड टू दी सामूहिक भजन गाया।

श्रीमती सपना मुन्नवर ने मध्यस्थ प्रार्थना के माध्यम से दिवंगत लोगों की स्मृति में प्रार्थना की। इसके बाद रॉक ऑफ एजेज सामूहिक भजन प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण ऑल सेंट्स कॉलेज की अंग्रेजी विभागाध्यक्ष श्रीमती ज्योतिका गिल द्वारा 18 सितंबर 18800 को हुई नैनीताल की ऐतिहासिक भूस्खलन त्रासदी का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत करना रहा। उन्होंने उस घटना की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और उसके महत्व को स्मरण कराया।

इसके पश्चात रेवरेंड जॉन जी मुन्नवर ने सुसमाचार पाठ किया। शेरवुड कॉलेज के प्रधानाचार्य श्री अमनदीप संधू ने सभा को संदेश दिया। उनके संदेश के बाद शेरवुड कॉलेज की ओर से यू रेज़ मी अप की प्रस्तुति दी गई। सेंट जोसेस कॉलेज और सेंट जॉन्स स्कूल की ओर से भी विशेष भजनों की प्रस्तुति की गई। अंत में ऑल सेंट्स कॉलेज की प्रधानाचार्या श्रीमती अंजिना रिचर्ड्स ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। उन्होंने समारोह में सहयोग देने वाले चर्चए विभिन्न शिक्षण संस्थानोंए शिक्षकोंए विद्यार्थियों तथा उपस्थित लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। इसके बाद एबाइड विद मीष् सामूहिक भजन गाया गया।समारोह का समापन रेव जॉन जॉर्ज मुनावर की समापन प्रार्थना एवं आशीर्वचन के साथ हुआ। बता दें 146 वर्ष पुरानी इस त्रासदी की स्मृति में आयोजित प्रार्थना सभा में नैनीताल के धार्मिक एवं शैक्षणिक समुदाय की सामूहिक भागीदारी देखने को मिली। प्रार्थना, धर्मग्रंथ पाठ, संगीत और 18800 की घटना के स्मरण के माध्यम से दिवंगत लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा नई पीढ़ी को शहर के इस महत्वपूर्ण ऐतिहासिक अध्याय से परिचित कराया गया।

## मानव तस्करी और बाल अपराध के खिलाफ एएचटीयू ने चलाया जागरूकता अभियान

**नैनीताल** । मानव तस्करी, बाल अपराध, साइबर क्राइम और भिक्षावृत्ति की रोकथाम को लेकर एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट एएचटीयू नैनीताल ने बीरवार को मल्लीताल और तल्लीताल क्षेत्र में जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान रोडवेज स्टेशन और टैक्सी स्टैंड क्षेत्र में आमजन और बच्चों को विभिन्न अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक किया गया।

एसएसपी डॉण् मंजुनाथ टीसी के दिशा.निर्देशन और पुलिस उपाधीक्षक हल्द्वानी/नोडल एएचटीयू अंजना नेगी के पर्यवेक्षण में प्रभारी उपनिरीक्षक सुनीता कुंवर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने अभियान चलाया। टीम ने लोगों को मानव तस्करी, बाल अपराध, साइबर अपराध, भिक्षावृत्ति और बच्चों के साथ होने वाले अपराधों की जानकारी दी। पुलिस ने लोगों से अपील की कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि अथवा अपराध की जानकारी मिलने पर तत्काल डायल 112 या नजदीकी पुलिस को सूचना दें।



## कभी प्यासे को पानी पिलाया नहीं... समेत कई भजनों की रही गूंज

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नैनीताल की कला,साहित्य व संगीत साधना केंद्र शारदा संघ में शुक्रवार को भजन संध्या कार्यक्रम का विशेष आयोजन किया गया।

बता दें शारदा संघ हॉल में आयोजित हुए भजन संध्या कार्यक्रम से पूर्व शारदा संघ के संस्थापक सदस्यों को याद किया गया एवं दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर शारदा संघ के विद्यार्थियों एवं अभिभावकों द्वारा सुन्दर भजन प्रस्तुति दी गई। इस मौके पर आराध्या बर्गली ने गणेश वंदना,यशस्वी ने कभी प्यासे को पानी पिलाया नहीं...,अनुसूया ने तुम प्रीत हो मनमीत हो...,स्तुति जोशी ने अच्युतम केशवम्...,निवेदिता ने पहाड़ी भजन के साथ ही समूह भजन के बाद निवेदिता उप्रेती ने एकल गायन पहाड़ा धाम मेरो जबकि पूनम, मंजू, सरिता, तनुजा, शिखा ने मनुष्य जन्म अनमोल है के बाद कत्थक की प्रस्तुति दी गयी। इस मौके पर शारदा संघ के अध्यक्ष व महासचिव प्रो.देवेंद्र सिंह बिष्ट, वरिष्ठ उपाध्यक्ष चंद्र लाल साह,कार्यकारिणी सदस्य डा.मनोज सिंह बिष्ट समेत पुनम कडाकोटी समेत शारदा संघ परिवार से सदस्य व अभिभावक व छात्र-छात्राएं मौजूद रही।

## वीकेंड पर कैंची धाम जाने वालों के लिए यातायात प्लान जारी

नैनीताल

हमारे संवाददाता

वीकेंड पर कैंची धाम, भवाली और भीमताल क्षेत्र में श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों की संभावित भीड़ को देखते हुए नैनीताल पुलिस ने यातायात एवं डायवर्जन प्लान जारी किया है। व्यवस्था 19 और 20 सितंबर को सुबह 6 बजे से 8 आठ बजे तक प्रभावी रहेगी। यातायात के दबाव और मार्ग की स्थिति के अनुसार इसमें आवश्यक बदलाव किया जा सकेगा।

एसएसपी मंजुनाथ टीसी ने ट्रैफिक प्लान जारी करते हुए बताया कि अल्मोड़ा और रानीखेत से हल्द्वानी आने वाले भारी वाहनों को क्वारब और खैरना से आवश्यकतानुसार रामगढ़.मुक्तेश्वर मार्ग से भेजा जाएगा। हल्द्वानी से पर्वतीय क्षेत्रों की ओर जाने वाले आवश्यक सेवा वाले भारी वाहनों को निर्धारित मार्ग से जाने की अनुमति होगीए जबकि अन्य भारी वाहनों को भवाली सैनेटोरियम तिराहे से यातायात की स्थिति के अनुसार चरणबद्ध तरीके से आगे भेजा जाएगा। हल्द्वानी की ओर से भीमताल होते हुए कैंची धाम आने वाले बाहरी राज्यों और जनपदों के निजी वाहनों को भीमताल विकास भवन पार्किंग में पार्क कराया जाएगा। यहां से श्रद्धालुओं को शटल सेवा अथवा सार्वजनिक परिवहन के माध्यम से कैंची धाम भेजा जाएगा। इसी तरह नैनीताल और गेठिया की ओर से आने वाले वाहनों के लिए भवाली सैनेटोरियम पार्किंग निर्धारित की गई है। भवाली से पर्वतीय क्षेत्रों की ओर जाने वाले चार पहिया वाहनों को यातायात दबाव के अनुसार रामगढ़ और खुटानी मार्ग से भेजा जा सकता है। पर्वतीय क्षेत्रों से आने वाले वाहनों को आवश्यकता पड़ने पर क्वारब-रामगढ़-रातीघाट बाईपास मार्ग से डायवर्ट किया जाएगा।

वीकेंड में टैक्सी और व्यावसायिक वाहनों का कैंची धाम क्षेत्र में अनावश्यक प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। सड़क किनारे या यातायात बाधित करने वाले स्थानों पर पार्किंग की अनुमति नहीं होगी। एंबुलेंस, अग्निशमन और पुलिस समेत आपातकालीन वाहनों के लिए निर्बाध आवागमन सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाएगा। पुलिस ने श्रद्धालुओं और पर्यटकों से निर्धारित पार्किंगए डायवर्जन और शटल सेवा व्यवस्था का पालन करने की अपील की है।

## NEWS / फटाफट

### शोधार्थी नकुल की उत्तीर्ण की यूजीसी नेट परीक्षा



**नैनीताल** । नैनीताल नगर के होनहार छात्र व शोधार्थी नकुल सिंह बिष्ट ने यूजीसी नेट की परीक्षा उत्तीर्ण कर शहर तथा परिवार और कुमाऊं विश्वविद्यालय का मान सम्मान बढ़ाया है। बता दें नकुल विवि के डीएसबी परिसर में कार्यरत प्राध्यापक डा.मनोज सिह बिष्ट एवं आल सेंट कालेज में कार्यरत समिता बिष्ट के पुत्र हैं। नकुल ने प्रारंभिक शिक्षा होली ऐन्जिल व सेंट जोसेफ नैनीताल से ग्रहण करने के पश्चात दिल्ली विश्वविद्यालय से बीए अंग्रेजी (आनर्स) किया। उन्होंने इसी विषय में स्नातकोत्तर की परीक्षा इसी वर्ष डीएसबी परिसर नैनीताल से उत्तीर्ण की। नकुल वर्तमान में प्रो. हरी प्रिया पाठक के निर्देशन में अपना शोध कार्य कर रहे हैं। उनकी इस कामयाबी पर पूर्व कुलपति कुमाऊं विश्वविद्यालय प्रो. दीवान सिंह रावत समेत प्रो.हरि प्रिया पाठक, प्रो. डी. एस. बिष्ट, नरेन्द्र बिष्ट, विनीता बिष्ट, प्रो.ललित तिवारी एवं समस्त विश्वविद्यालय परिवार एवं शुभचिंतकों ने हर्ष जताते हुए उनके बेहतर उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### निशांत स्कूल में नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**नैनीताल** । राष्ट्रीय शहीद सैनिक स्मारक विद्यापीठ में नशामुक्ति जागरूकता एवं संवेदीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। बता दें कार्यक्रम का आयोजन डॉ. आर एस. टोलिया उत्तराखण्ड प्रशासन अकादमी नैनीताल एवं राष्ट्रीय सामाजिक रक्षा संस्थान सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। कार्यक्रम में विद्यालय के लगभग 110 विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने प्रतिभाग किया।कार्यक्रम के प्रारंभ में कोर्स डायरेटर रागिनी तिवारी द्वारा कार्यक्रम की पृष्ठभूमि, उद्देश्यों एवं अपेक्षित परिणामों के संबंध में प्रतिभागियों को जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने नशा.मुक्त भारत अभियान के उद्देश्यों तथा विद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला।इस अवसर पर डॉ. किरण तिवारी एसिस्टेंट पप्रोफेसर कुमाऊँ यूनिवर्सिटी ने विद्यार्थियों को नशे की रोकथाम से जुड़े विभिन्न पहलुओं के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के समापन पर विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा नशामुक्ति की शपथ ली गई तथा स्वस्थए सुरक्षित एवं नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया गया।

### मॉल रोड में नाव चालक और पर्यटकों के बीच मारपीट

**नैनीताल** । नैनीताल की मॉल रोड क्षेत्र में शुक्रवार को नाव चालक और पर्यटकों के बीच टिकिट के मूल्य को लेकर विवाद हो गया। पुलिस ने मामला शांत किया और पर्यटकों को कोतवाली ले आई। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को प्रयागराज से नैनीताल घूमने आए पर्यटकों ने मॉलरोड के समीप बोट स्टैंड में टिकिट का मूल्य पूछा। इस दौरान एक नाव चालक और पर्यटकों के बीच कुछ कहासुनी हो गई। देखते ही देखते मारपीट हुई तो लोअर मॉलरोड में यातायात के बीच भगदड़ मच गई। नाव चालकों का आरोप है कि पर्यटकों ने उनके साथ मारपीट की है। जिसमें नाव चालक नदीम चोटिल हुआ है। वहीं पर्यटकों ने भी नाव चालकों पर मारपीट का आरोप लगाया है। अब मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है। हांलाकि पुलिस ने सही समय पर पहुंचकर मामला शांत किया। जिसके बाद पुलिस तीन पर्यटकों को पकड़कर कोतवाली ले आई। कोतवाल हरपाल सिंह ने बताया कि नाव चालक को भी कोतवाली बुलाया गया है। उसके पहुंचने के बाद दोनों पक्षों से पूछताछ की जाएगी।

### प्रकृति के संरक्षण हेतु गुरुरानी के नेतृत्व में हुआ पौधरोपण

**नैनीताल** । उत्तराखंड क्रांति दल अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के कुमाऊं मंडल अध्यक्ष/ राज्य निर्माण सेनानी दिनेश गुरुरानी द्वारा राज्य में चलाया जा रहा अनूठा पौधारोपण अभियान शुक्रवार को 795वें दिन भी जारी रहा। पौधारोपण अभियान के 795वे दिन राष्ट्रीय राजमार्ग ओगला व अस्कोट के मध्य स्थित पिनोरा शिव मंदिर परिसर में महात्मा अरुण जी महाराज ने कैलाश यात्रा में जाने से पूर्व पौधारोपण अभियान से जुड़ते हुए ग्रेफ कैंप के कर्मचारीयों के साथ पौधा रोपण किया। अरुण जी महाराज ने कहा कि दिनेश गुरुरानी द्वारा जो पर्यावरण संरक्षण के तहत पौधारोपण अभियान चलाया जा रहा है वह सराहनीय है। इस अभियान से सभी को जुडना चाहिए।

## नंदा देवी महोत्सव की सुरक्षा को लेकर पुलिस अलर्ट

नैनीताल

हमारे संवाददाता

मां नंदा देवी महोत्सव के दौरान सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को लेकर नैनीताल पुलिस ने तैयारियां तेज कर दी हैं। महोत्सव के लिए एसपी नैनीताल डॉ. जगदीश चंद्र ने गोवर्धन हॉल मल्लीताल में ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को ब्रीफ कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

एसएसपी डॉ. मंजुनाथ टीसी के निर्देश पर आयोजित ब्रीफिंग में पुलिसकर्मियों को मेला क्षेत्र में पर्याप्त विजिबिलिटी बनाए रखने और श्रद्धालुओं व पर्यटकों के साथ शालीन व्यवहार करने को कहा गया। मंदिर परिसर में मंदिर समिति के साथ बेहतर समन्वय रखने के निर्देश भी दिए गए। ट्रैफिक पुलिस और मोबाइल टीमें अलर्ट मोड पर रहेंगी और सूचना मिलने पर तत्काल कार्रवाई करेंगी। संदिग्ध और असामाजिक तत्वों पर निगरानी के साथ सादे कपड़ों में पुलिसकर्मियों की तैनाती और लगातार चेकिंग के निर्देश दिए गए।



### नंदा देवी महोत्सव को लेकर पुलिस ने निकाला फलैग मार्च

मां नंदा देवी महोत्सव के दौरान एसपी नैनीताल डॉण् जगदीश चंद्र और एसपी संचार रेवाधर मठपाल ने शुक्रवार को मेला क्षेत्र का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान पुलिस बल के साथ मल्लीताल रिकशा स्टैंड, फलैट्स मैदान, भोटिया मार्केट तथा मस्जिद तिराहा और घोड़ा स्टैंड सहित प्रमुख भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों से फ्फलैग मार्च निकाला। अधिकारियों ने संवेदनशील और भीड़ वाले स्थानों पर तैनात पुलिसकर्मियों की व्यवस्थाओं को परखा और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। एसपी संचार रेवाधर मठपाल ने मेला कंट्रोल रूम, सीसीटीवी ग्रिड तथा खोया पाया केंद्र और संचार व्यवस्था का निरीक्षण किया।

मेला क्षेत्र की सीसीटीवी से निगरानी के अलावा डॉग स्कॉडए बम निरोधक दस्ता, अग्निशमनए ड्रोन और संचार टीमों को सक्रिय रखने को कहा गया। शोभायात्रा और कदली वृक्ष नगर भ्रमण के दौरान सुगम यातायात के लिए डायवर्जन प्लान तैयार करने के निर्देश भी दिए गए।

### नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
–संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# अभिमत



## जिम्मेदार कौन?

*बारिश के मौसम में उल्टी, दस्त, पीलिया, बुखार के मरीजों की संख्या बढ़ जाती है। जल जनित बीमारी से कई लोगों की मृत्यु होने से स्थिति गंभीर हो गई। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा अनेक स्थानों से लिये गये पेयजल के सैंपल जांच के दौरान फेल हो जाने से प्रशासन की कार्यप्रणाली पर उंगली उठना लाजिमी है। जांच के दौरान पानी में घातक बैक्टीरिया मिले हैं। सवाल यह है कि दूषित पेयजल आपूर्ति करने के लिए जिम्मेदार कौन है?*

विभिन्न विभागों का कार्य जनसामान्य को अलग-अलग तरह की सुविधाएं प्रदान करना है। खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने के लिए छापे मारकर जांच की जाती है। अस्पताल में क्षेत्र विशेष के अधिक संख्या में बीमार लोगों के पहुंचने पर सरकारी मशीनरी सक्रिय होती है। त्योहारों पर खाद्य पदार्थों में मिलावट के मामले ज्यादा होते हैं। बारिश के मौसम में उल्टी, दस्त, पीलिया, बुखार के मरीजों की संख्या बढ़ जाती है। जल जनित बीमारी से कई लोगों की मृत्यु होने से स्थिति गंभीर हो गई। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा अनेक स्थानों से लिये गये पेयजल के सैंपल जांच के दौरान फेल हो जाने से प्रशासन की कार्यप्रणाली पर उंगली उठना लाजिमी है। जांच के दौरान पानी में घातक बैक्टीरिया मिले हैं। सवाल यह है कि दूषित पेयजल आपूर्ति करने के लिए जिम्मेदार कौन है? पूरे उत्तराखंड में जांच होनी चाहिए। विशेषज्ञों के अनुसार इस तरह के बैक्टीरिया मानव एवं जानवरों के मल-मूत्र से दूषित पानी में मिलते हैं। इससे साफ जाहिर होता है कि पेयजल की पाइपलाइन लीकेज होगी और नाली का गंदा पानी उसमें मिलकर सप्लाई हुआ होगा। महानगर हल्द्वानी और कुछ अन्य जगह सीवर चोक होने से गंदगी फैलने की शिकायत भी मिली है। पाइप लाइन नाली से होकर गुजरती है। इस मामले में हाईकोर्ट ने सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि अधिकारी लोगों के स्वास्थ्य को लेकर संवेदनशील नहीं हैं। क्षेत्र के लोगों द्वारा बार-बार बदबूदार पानी सप्लाई होने की शिकायत पर संबंधित विभाग के अधिकारियों ने गंभीरता से संज्ञान नहीं लिया और बीमारी फैलने पर लोगों को जान से हाथ धोना पड़ गया। अस्पतालों में मरीजों का तांता लगने पर हड़कंप मच गया। कुमाऊं के सबसे बड़े महानगर हल्द्वानी में करीब पांच लाख आबादी को पेयजल की किल्लत हर मौसम में बनी रहती है। मीडिया में जलसंस्थान की पाइप लाइन से गंदा पानी आने की खबरें सुर्खियां बनती हैं। शहर और ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल पाइप लाइन लीकेज की समस्या आमबात हो गई है। उच्च न्यायालय ने पूरे जिले में इंडियन ड्रिंकिंग वाटर लैब से पेयजल की जांच कराने का आदेश दिया। जल संस्थान द्वारा सप्लाई किये जाने वाले पेयजल की गुणवत्ता पर भरोसा नहीं होने के कारण आर्थिक रूप से संपन्न लोग वाटर प्यूरीफायर यंत्र रिवर्स ऑस्मोसिस (आरओ) का इस्तेमाल कर रहे हैं। बहुत से लोग पाइप लाइन से सप्लाई होने वाले पानी को सीधे उपयोग में लाते हैं और बीमारी का जोखिम बना रहता है।

# ब्रह्ममुहूर्त में मां नंदा सुनंदा के मूर्तियों की पूजा

## भक्तों ने किए दर्शन, माँ नंदा सुनंदा के जयकारों के साथ आशीर्वाद लिया

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नंदाष्टमी के मौके पर नगर के प्रतिष्ठित मां नयना देवी मंदिर में आज ब्रह्ममुहूर्त में मां नंदा सुनंदा की मूर्तियां पूजा अर्चना और विधि विधान के साथ भक्तों के दर्शनों के लिए खोल दी गई है। भक्तों ने माँ नंदा-सुनंदा के जयकारों के साथ आशीर्वाद लिया। अचार्य पंडित भगवती प्रसाद जोशी द्वारा विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की गई और भक्तों ने मां नंदा सुनंदा को बकरे का प्रसाद चढ़ाने के लिए लाए।

श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए मंदिर को फूलों, झालरों और रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया था। महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में मंगलगीत गाती रहीं वहीं भक्त कतारबद्ध होकर माता के अलौकिक श्रृंगार के दर्शन करते रहे। मां के दर्शन के लिए भक्तों की लंबी कतार लगी रही, वहीं सुरक्षा की दृष्टि से भारी पुलिस बल तैनात की गई है। वही होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन द्वारा जूस वितरित किया गया। महोत्सव की आयोजक संस्था श्री राम सेवक सभा के सदस्य मुकेश जोशी मंटू ने बताया ब्रह्ममुहूर्त में पूजा अर्चना होने के बाद माँ नंदा सुनंदा का दरबार





श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया गया है, प्रातः तीन बजे से ही भक्तो की लम्बी कतार लगना शुरू हो गई है, और श्रद्धालु अपनी मनोकामना माँग रहें है। भक्त दर्शन करके माता का आशीर्वाद ले रहें है, वही पुरे मंदिर परिसर भक्तिमय बना रहा, भक्त मंदिर में आ रहें माँ के जयकारे लगा रहें है। इसके साथ विभिन्न कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहें है। शाम को पंच आरती के बाद प्रसाद वितरण किया जाएगा, आज से 23 सितम्बर तक विभिन्न कार्यक्रम किए जाएंगे 23 को डोला नगर भ्रमण किया जाएगा। सभा के कार्यकारिणी सदस्य कैलाश जोशी ने बताया नंदा देवी महोत्सव का 124 वां वर्ष है, महाअष्टमी के अवसर पर मंदिर परिसर में भक्तों का तांता लगा रहा, सुबह तीन बजे प्राण प्रतिष्ठा शुरू हो गई थी जिसके बाद भक्तों के लिए दरबार खोल दिया गया है। दूर दराज से माता के दर्शन करने के लिए भक्त यहां पहुंचकर माँ का आशीर्वाद लेते हैं। वहीं मां के दर्शन के लिए दूर दराज से भी भक्त मंदिर पहुंचे, रामनगर आई श्रद्धालु शोभा मनराल ने बताया माँ के प्रति काफी आस्था है, मंदिर में भक्तों का सैलाब उमड़ा हुआ है, दूर दराज से भक्त मंदिर में आए है पूरा मंदिर भक्तिमय हुआ है इसी के साथ महिलाएं अपने पारम्परिक वेशभूषा में नजर आ रही है। श्रद्धालुओं की सुबह से दर्शन के लिए मंदिर भीड़ उमड़ी हुई है। दुर्गासप्ति का पाठ किया जा रहा है, नैनीताल ही नहीं बल्कि दूर दराज से श्रद्धालु यहां पहुंचे है दर्शन के लिए। इस दौरान राम सभा के अध्यक्ष मनोज साह, महासचिव जगदीश बवाड़ी, अलोक साह, प्रो. ललित तिवारी, मुकुल जोशी, हरीश राणा, देवेंद्र लाल साह, मोहित लाल साह, राजेंद्र साह, भुवन बिष्ट, बिमल चौधरी, विमल साह, राजेंद्र बजेठा, नवीन पांडे समेत होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष दिग्विजय बिष्ट, महासचिव वेद साह, चंद्रविजय बिष्ट, रामजीत सिंह, हारून खान पम्मी, स्नेह छावडा, प्रदीप जेठी, चंद्र भट्ट, कमल जगाती, परवीन शर्मा समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## सार्वजनिक पोर्टल बंद किए जाने के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर हुई हाईकोर्ट में सुनवाई

**नैनीताल ।** हाईकोर्ट ने राज्य पुलिस विभाग द्वारा दर्ज मुकदमों की शिकायतों से जुड़ा सार्वजनिक पोर्टल बंद किए जाने के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की।

मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने पुलिस विभाग से पूछा है कि इस मामले में सर्वोच्च न्यायालय के दिशा-निर्देशों का अनुपालन क्यों नहीं किया जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट के स्पष्ट आदेश हैं कि मुकदमा दर्ज होने के बाद उसे सार्वजनिक पोर्टल पर अपलोड किया जाए ताकि पीड़ित पक्ष और उनके वकील आसानी से इसकी जानकारी हासिल कर सकें। हालांकि उत्तराखंड में पोर्टल बंद कर शिकायतकर्ताओं को केवल ओटीपी के जरिए सूचना दी जा रही थी जिसे सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का सीधा उल्लंघन बताया गया है। यह जनहित याचिका हरिद्वार की नेशनल पबलिक ट्रस्ट द्वारा दायर की गई है जिसमें लंबे समय से बंद पड़े इस पोर्टल को दोबारा शुरू करने की मांग की गई है।

# गणेश महोत्सव मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

वैश्य महासभा द्वारा आयोजित श्री गणेश महोत्सव में रामलीला मैदान के प्रांगण में श्रद्धा और उत्सव का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान श्री गणेश का विधिवत पूजन किया गया। आरती, शंखनाद और ढोल-मृदंग की थाप पर गूँजे गणपति बप्पा मोरया के जयकारों से पंडाल का कोना-कोना गुंजायमान हो उठा। रामकिशोर अग्रवाल सपत्नीक ने आज मुख्य यजमान के रूप में पंडित विवेक शर्मा के निर्देशन में गणपति पूजन किया।

अध्यक्ष राजीव अग्रवाल, महामंत्री दिनेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष मनोज गुप्ता किशनलाल गुप्ता, बद्री प्रसाद गुप्ता, रामबाबू जायसवाल, राजेन्द्र अग्रवाल, महिला अध्यक्ष राशि जैन, रश्मि गुप्ता, युवा अध्यक्ष सुशील साहू, महामंत्री यश गुप्ता,मुकेश लहरिया, तनुज गुप्ता,निशुल अग्रवाल, आदि ने प्रभु का आशीर्वाद प्राप्त किया।

सायं में पंडित जगदीश प्रभू जी द्वारा श्री गणेश जी की महिमा का बखान



किया गया। देशभक्ति प्रश्नोत्तरी के साथ ही चित्रकला प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। डी डी डांस स्टूडियो,शिवेन्द्रालय और कत्थक सागर,नृत्यशाला,स्वर साधना संगीत विद्यालय,एल जे संगीत स्कूल के बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया नृत्यालय के बच्चों की प्रस्तुति तो बहुत सुंदर एवं प्रभावी रही। आज की प्रसाद सेवा महेश्वरी समाज द्वारा अर्पित की गई। महा आरती में मेयर गजराज बिष्ट जी, दर्जा राज्यमंत्री शंकर सिंह कोरंगा, दर्जा राज्यमंत्री अनिल डब्बू,प्रदीप बिष्ट, घनश्याम भट्ट,नीरज शारदा,आलोक शारदा, विनय लाहौटी, सविता लाहौटी, रजत महेश्वरी, सुजाता महेश्वरी,दीपक महेश्वरी, रवि महेश्वरी, सतीश महेश्वरी, विष्णु महेश्वरी, सुशील अग्रवाल, अशोक वार्ष्णेय, नीरज प्रभात गर्ग, राजेन्द्र गुप्ता, भोलानाथ केसरवानी, गिरीश केसरवानी, सुधांशु खंडेलवाल, संगीता मित्तल , पूनम अग्रवाल, स्नेहलता गुप्ता, मनोज अग्रवाल, योगेन्द्र साहू,रेनू महेश्वरी ,रवि गुप्ता, अमिता अग्रवाल, प्रेम गुप्ता, राजेन्द्र जायसवाल,संजय गोयल, सुनील अग्रहरी आदि सम्मिलित हुए। मंच संचालन भुवनेश गुप्ता और सुरेश केसरवानी ने किया यह उत्सव केवल एक पूजा नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, एकता और प्रेम का प्रतीक है।

# फिल्मी दुनिया

## अभिनेत्री से फहाद अहमद को मिलाने में उमर खालिद का था हाथ





*हाल ही में अभिनेत्री स्वरा भास्कर और उनके पति फहाद अहमद ने उस शख्स का नाम बताया है कि जिसके जरिए दोनों की पहली मुलाकात हुई।*

*अभिनेत्री स्वरा भास्कर फहाद अहमद के साथ अपनी शादीशुदा जिंदगी गुजार रही हैं। दोनों ने साल 2023 में शादी की थी। दोनों की शादी इसलिए चर्चा में रही थी क्योंकि दोनों अलग-अलग धर्मों से आते हैं। मगर क्या आपको पता है कि दोनों के रिश्ते की शुरुआत किसकी वजह से हुई? स्वरा और फहाद ने खुलासा किया है कि दोनों को मिलाने में एक्टिविस्ट उमर खालिद का हाथ था। फहाद ने द मिडनाइट हावर से बातचीत में बताया कि वह और उमर खालिद बहुत अच्छे दोस्त हैं। उन्होंने बताया कि उमर खालिद ने उनसे कहा था कि मैं तुम्हें स्वरा भास्कर का नंबर भेज रहा हूं। तुम उनसे फोन पर बात कर लेना। इसके बाद दोनों की फोन पर हुई बातचीत जिंदगी भर का साथ बन गई। फहाद ने उमर खालिद की बात मानी। उन्होंने स्वरा को फोन किया। फहाद के मुताबिक स्वरा समय पर फोन नहीं उठातीं, मगर उन दिन उन्होंने एक बार में फोन उठा लिया था। स्वरा भास्कर के मुताबिक वह अक्सर नए नंबर वाले फोन नहीं उठातीं। मगर उस वक्त वह नागरिकता संशोधन कानून यानी सीएए के खिलाफ हो रहे विरोध प्रदर्शन में थीं। इस सिलसिले में उनसे कई लोगों से बातचीत होती थी। इस बीच जब उन्हें फहाद का फोन आया तो उन्होंने उठा लिया।*

### स्वरा-फहाद की शादी

*फहाद और स्वरा के बीच बातचीत हुई। फहाद ने स्वरा को विरोध प्रदर्शन में भी बुलाया। इसके बाद एक और विरोध प्रदर्शन में उनकी मुलाकात हुई। इसी सिलसिले में दोनों मिलते रहे। दोनों तकरीबन तीन वर्षों तक एक-दूसरे के दोस्त रहे। इसके बाद 16 फरवरी 2023 को दोनों ने स्पेशल मैरिज एक्ट के तहत शादी की। 2023 में ही फहाद-स्वरा ने बेटी का स्वागत किया।*

# प्रभावितों को अपीलीय प्राधिकरण जाने की छूट वन अधिकार दावों की अस्वीकृति पर

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

हाईकोर्ट की खंडपीठ ने वन अधिकार दावों की अस्वीकृति और बेदखली आदेशों के खिलाफ मोहममद बशीर सहित 16 याचिकाकर्ताओं की रिट याचिकाओं का एक साथ निस्तारण कर दिया है।

मुखय न्यायाधीश मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की पीठ ने याचिकाकर्ताओं को संबंधित अपीलीय प्राधिकरणों के समक्ष अपील करने की छूट दी है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि यदि याचिकाकर्ता दो सप्ताह के भीतर बेदखली आदेशों के खिलाफ वन संरक्षक के पास और दावों की अस्वीकृति के खिलाफ मंडल स्तरीय समिति में अपील दाखिल करते हैं तो देरी का हवाला दिए बिना उनके मामलों की सुनवाई गुण.दोष के आधार पर की जाएगी।

यह पूरा मामला पीढ़ियों से वन क्षेत्र में रह रहे वनवासियों द्वारा श्अनुसूचित जनजाति एवं अन्य



पारंपरिक वन निवासी अधिनियम 2006 के तहत किए गए दावों से जुड़ा है। उपजिलाधिकारी द्वारा इन दावों को खारिज किए जाने के बाद प्रभागीय वन अधिकारी ने जुलाई 2026 में बेदखली के आदेश जारी किए थे जिसे हाईकोर्ट में चुनौती दी गई थी। राज्य सरकार की ओर से बताया गया कि भारतीय वन अधिनियम की धारा 61-ए के तहत अपील का विकल्प मौजूद है। इस पर याचिकाकर्ताओं की अधिवक्ता तनुप्रिया जोशी ने हाईकोर्ट में मामला लंबित रहने के कारण हुई देरी पर राहत की मांग की थीए जिस पर सहमति जताते हुए कोर्ट ने यह व्यवस्था दी।

# उत्तराखंड की बेटी अंकिता भंडारी को कब मिलेगा न्याय, सरकार जवाब दें:सुमित हृदयेश

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

महिलाओं के साथ हो रहे बलात्कार, हत्या, उत्पीड़न एवं अत्याचार तथा प्रदेश में महिलाओं की सुरक्षा से जुड़े गंभीर मुद्दों को लेकर हल्द्वानी में जिला महानगर कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रेस वार्ता आयोजित की गई। प्रेस वार्ता को मुख्य रूप से हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश ने संबोधित किया। इस दौरान महिलाओं की सुरक्षा, अंकिता भंडारी प्रकरण, स्थानीय जनहित के मुद्दों तथा भुगतान से जुड़े विषयों पर सरकार से जवाबदेही की मांग की गई हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि एनसीआरबी के आंकड़े महिलाओं के खिलाफ अपराधों को लेकर गंभीर चिंता पैदा करते हैं। आंकड़ों के



अनुसार हिमालयी राज्यों में महिलाओं के खिलाफ अपराधों को लेकर उत्तराखंड की स्थिति बेहद चिंताजनक है। उत्तराखंड जैसे राज्य में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर सरकार को ठोस और प्रभावी कदम उठाने की आवश्यकता है।

अंकिता भंडारी प्रकरण का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि अंकिता हमारी बेटी और बहन थी। चार साल बीत जाने के बाद भी उसके परिवार और प्रदेश की जनता के कई सवाल अनुत्तरित हैं। रिसॉर्ट पर बुलडोजर किसके आदेश पर चलाया गया, साक्ष्यों को लेकर उठी आशंकाओं पर अब तक स्पष्ट जवाब क्यों नहीं मिला और सदन में जिस कथित वीआईपी का उल्लेख हुआ, वह आखिर कौन था—इन सवालों का जवाब जनता को मिलना चाहिए। सुमित हृदयेश ने कहा कि अंकिता किसी प्रभावशाली परिवार से नहीं थी, वह हमारे-आपके घर की बेटी थी। न्याय तभी पूरा माना जाएगा, जब इस मामले से जुड़े महत्वपूर्ण सवालों के तथ्यात्मक जवाब सामने आएं और यदि कहीं जांच में लापरवाही या साक्ष्यों से छेड़छाड़ हुई है तो उसकी जिम्मेदारी भी तय हो। उन्होंने कहा कि कांग्रेस किसी मामले को उग्र बनाने की नहीं, बल्कि पारदर्शी, निष्पक्ष और तथ्यात्मक जांच तथा पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग कर रही है। सरकार को बताना चाहिए कि चार साल बाद भी अंकिता के परिवार और प्रदेश की जनता के मन में उठ रहे महत्वपूर्ण सवालों के स्पष्ट जवाब क्यों नहीं मिले हैं।विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि हल्द्वानी और नैनीताल जनपद से जुड़े अनेक जनहित के विषय लगातार सरकार के सामने उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार और संबंधित संस्थाओं को यूपीआई से जुड़े किसी भी संभावित बदलाव अथवा शुल्क को लेकर पूरी स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए, ताकि आम जनता और छोटे व्यापारियों के बीच किसी प्रकार का भ्रम न रहे और डिजिटल भुगतान व्यवस्था का अतिरिक्त आर्थिक बोझ उन पर न पड़े। महानगर अध्यक्ष एड. गोविंद सिंह बिष्ट ने कहा कि प्रदेश में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर सरकार को गंभीरता से काम करने की आवश्यकता है। महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामलों में त्वरित कार्रवाई, निष्पक्ष जांच और पीड़ित परिवारों को न्याय सुनिश्चित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जनहित के मुद्दों पर अपनी आवाज लगातार बुलंद करती रहेगी प्रेस वार्ता में हरीश मेहता, हेमंत बगड़वाल, किरण माहरा, जाकिर हुसैन, भागीरथी बिष्ट, मधु सांगुड़ी, हिमांशु जोशी, कानू बिष्ट, नरेश अग्रवाल, गुरप्रीत सिंह, सुहैल सिद्दीकी, गिरीश पांडे, जगमोहन चिलवाल, दीप चंद्र पाठक, दिवेश तिवारी सहित कांग्रेस के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## News कॉर्नर

### किसी भी व्यक्ति को सार्वजनिक भूमि व फुटपाथ पर बिना अनुमति व्यवसाय करने का मौलिक अधिकार नहीं: हाईकोर्ट

नैनीताल। हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की पीठ ने नैनीताल और उसके आसपास के पर्वतीय मार्गों पर सुरक्षा एवं स्वच्छता सुनिश्चित करने से जुड़ी जनहित याचिका पर सुनवाई की।

सुनवाई के दौरान प्रशासन की ओर से अनुपालन हलफनामा प्रस्तुत कर बताया गया कि न्यायालय के आदेशानुसार बारापत्थर और खुर्पाताल के पास यू.बैंड से अस्थायी फड़ व मोबाइल फूड वैन को नारायण नगर पार्किंग स्थल पर स्थानांतरित कर दिया गया है। इसके अलावा सड़कों और पर्यटक स्थलों को साफ रखने के लिए सप्ताह में दो बार मेकैनिकल वेस्ट मैनेजमेंट प्रक्रिया लागू की गई है तथा खुर्पाताल व्यू पॉइंट व अन्य खतरनाक मोड़ों पर 15 दिनों के भीतर सुरक्षात्मक जाली (फेंसिंग) लगाने का निर्णय लिया गया है। प्रशासन द्वारा पेश किए गए हलफनामे पर याचिकाकर्ता के वकील पंकज मिगलानी ने आपत्ति जताते हुए अदालत का ध्यान आकर्षित कराया कि पूर्व में दिए गए आदेशों का पालन हलफनामे में स्पष्ट नहीं है।

याचिकाकर्ता के वकील ने यह भी तर्क दिया कि क्षेत्र में सिंगल.यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध के बावजूद इसका धड़ल्ले से इस्तेमाल हो रहा है जो पर्यावरण प्रदूषण का प्रमुख कारण बन रहा है। इस पर उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार के वकील को निर्देशों का अनुपालन और प्लास्टिक बैन की स्थिति पर स्थिति स्पष्ट करने के लिए तीन सप्ताह का समय दिया है साथ ही कोर्ट कमिश्नर को मौके का मुआयना कर हलफनामे में किए गए दावों की जमीनी हकीकत सत्यापित करने के निर्देश दिए गए हैं। मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने यू बैंड से हटाए गए मोबाइल फूड वैन संचालकों की ओर से दाखिल श्रीकॉल आवेदन को पूरी तरह से खारिज कर दिया। वैन संचालकों ने दलील दी थी कि नारायण नगर पार्किंग में पर्यटकों की आवाजाही कम होने से उनके आजीविका के अधिकार का हनन हो रहा है।

# गौला पार्किंग में नशे का खेल, 3.39 ग्राम स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

नशे के खिलाफ चल रहे अभियान के बीच बनभूलपुरा पुलिस ने गौला पार्किंग में चेकिंग के दौरान एक युवक को स्मैक के साथ दबोच लिया। पुलिस के मुताबिक आरोपी के कब्जे से 3.39 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई। कार्रवाई के बाद आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया है।

पुलिस के अनुसार नशे के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार के तहत कोतवाली बनभूलपुरा क्षेत्र में लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी दौरान गौला पार्किंग के पास संदिग्ध गतिविधि के आधार पर एक युवक को रोका गया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से स्मैक बरामद होने का दावा किया गया। पुलिस ने मौके से मौ. फूलबाबू पुत्र मौ. सलीम, उम्र 21 वर्ष, निवासी चिराग अली मजार के पास झोपड़ी,



बनभूलपुरा को गिरफ्तार कर लिया। मामले में कोतवाली बनभूलपुरा में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

कार्रवाई प्रभारी निरीक्षक दिनेश सिंह फर्त्याल के नेतृत्व में की गई। पुलिस टीम में उप निरीक्षक जगवीर सिंह, हेड कांस्टेबल गुरमेज सिंह और कांस्टेबल दिलशाद अहमद शामिल रहे। पुलिस का कहना है कि नशे के कारोबार के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

**जन**

● ऑपरेशन प्रहार के तहत बनभूलपुरा पुलिस की कार्रवाई, एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज

# छात्रसंघ चुनाव को लेकर नैनीताल में पुलिस प्रशासन व छात्र नेताओं की बैठक

नैनीताल

हमारे संवाददाता

कुमाऊँ विवि के डीएसबी परिसर नैनीताल में 29 सितंबर (मंगलवार) को होने वाले छात्रसंघ चुनाव को लेकर शुक्रवार को पुलिस प्रशासन और छात्रनेताओं की संयुक्त बैठक हुई। बैठक में छात्र अधिष्ठाता कल्याण विभाग और विश्वविद्यालय प्रशासन के अधिकारी भी मौजूद रहे।

एसपी क्राइम जगदीश चंद्रा ने छात्रनेताओं को चेतावनी देते हुए कहा कि चुनाव में लिंगदोह समिति की सिफारिशों का कड़ाई से पालन कराना होगा। प्रचार में तय सीमा से अधिक खर्च, जातिगत या सांप्रदायिक पोस्टर व बैनर तथा लाउडस्पीकर के दुरुपयोग और परिसर में बाहरी लोगों के हस्तक्षेप पर कार्रवाई होगी। नियमों का उल्लंघन करने वाले प्रत्याशी का नामांकन निरस्त कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान परिसर में बिना वैध परिचय पत्र के किसी भी छात्र या बाहरी व्यक्ति को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। चुनाव प्रक्रिया के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात रहेगा। संचालन प्रो. ललित तिवारी ने किया । इस मौके पर एडिशनल एसपी रेवाधर मठपाल, सीओ अंजना नेगी, प्रभारी परिसर निदेशक प्रो. संजय पंत समेत प्रो. ललित तिवारी, प्रो. एचसीएस बिष्ट, डॉ. शिवांगी, डॉ निधि वर्मा समेत कई अधिकारी मौजूद रहे।



# आरक्षण रोस्टर ने चुनाव से पहले भड़का दी चिंगारी

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

छात्रसंघ चुनाव की तैयारियों के बीच कुमाऊं विश्वविद्यालय के आरक्षण रोस्टर ने एमबीपीजी कॉलेज में नया विवाद खड़ा कर दिया है। 29 सितंबर को प्रस्तावित चुनाव से महज 11 दिन पहले शुक्रवार शाम जारी हुए रोस्टर के विरोध में छात्रों का गुस्सा फूट पड़ा। देखते ही देखते कॉलेज गेट पर नारेबाजी और प्रदर्शन शुरू हो गया। पुलिस ने स्थिति संभालने की कोशिश की, लेकिन आक्रोशित छात्रों ने गेट खोलकर परिसर में प्रवेश कर दिया।

जारी रोस्टर के तहत एमबीपीजी कॉलेज में छात्रा उपाध्यक्ष के अलावा संयुक्त सचिव और कोषाध्यक्ष पद भी छात्राओं के लिए आरक्षित किए गए हैं। रोस्टर सामने आते ही इन पदों पर चुनाव की तैयारी कर रहे दावेदारों और उनके समर्थकों में नाराजगी फैल गई।

कोषाध्यक्ष पद के दावेदार मुकेश पांडे और भरत केसरवानी तथा संयुक्त सचिव पद के उम्मीदवार मानस आर्या समर्थकों के साथ कॉलेज गेट पर पहुंच गए। छात्रों ने रोस्टर के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया और उच्च शिक्षा मंत्री व कुमाऊं विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की।

प्रदर्शनकारी छात्रों को पुलिस ने कॉलेज परिसर में प्रवेश करने से रोकने का प्रयास किया। इसके बाद छात्र गेट के बाहर ही धरने पर बैठ गए। काफी देर तक नारेबाजी और विरोध चलता रहा। बाद में आक्रोशित छात्रों ने गेट खोलकर परिसर में प्रवेश कर लिया। पुलिस ने किसी तरह स्थिति को नियंत्रित किया।

प्रदर्शनकारी छात्रों का आरोप है कि चुनाव की तारीख घोषित होने के करीब 10 दिन बाद आरक्षण रोस्टर जारी करना छात्रों के साथ अन्याय है। छात्रों का कहना है कि यदि आरक्षण लागू किया जाना था तो सत्र की शुरुआत में ही स्थिति स्पष्ट कर दी जानी चाहिए थी। चुनाव में अब महज 11 दिन बचे हैं और अधिसूचना की प्रक्रिया आगे बढ़ रही है। ऐसे समय में रोस्टर बदलने से चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे छात्रों की पूरी रणनीति प्रभावित हो गई है।

छात्रों ने रोस्टर के खिलाफ कानूनी कदम उठाने की तैयारी शुरू कर दी है। उनका कहना है कि मामले को लेकर न्यायालय का दरवाजा खटखटाया जाएगा। उधर, चुनावी माहौल के बीच रोस्टर को लेकर उठे विवाद ने छात्रसंघ चुनाव की सरगर्मी और बढ़ा दी है।

विवाद के बीच एनएसयूआई ने मेहुल शाह को छात्रसंघ चुनाव के लिए अपना उम्मीदवार घोषित किया है। अब रोस्टर विवाद और प्रत्याशियों के ऐलान के बीच एमबीपीजी कॉलेज की चुनावी तस्वीर तेजी से बदलती नजर आ रही है।

# बिजली बिल की लंबी कतार तोड़ रही उपभोक्ता का हौसला

खटीमा। पहले से ही बिजली के मोटे बिल के बोझ से दबे उपभोक्ताओं को अब बिजली बिल जमा करने के लिए भी काफी जद्दोजहद करनी पड़ रही है। कई लोग चार घंटे लाइन में लगने के बावजूद बिजली बिल जमा नहीं कर पा रहे हैं। मेलाघाट मार्ग स्थित ऊर्जा निगम के कार्यालय में पिछले कई दिनों की भांति शुक्रवार को भी बिजली का बिल जमा करने के लिए लोगों की लंबी लाइनें लगी रहीं। महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग-अलग काउंटर होने के बावजूद सुबह 10 बजे से दोपहर दो बजे तक सभी उपभोक्ताओं के बिजली के बिल जमा नहीं हो सके।

# कुमाऊँ विवि छात्रसंघ चुनाव में 50 फीसदी पद छात्राओं हेतु आरक्षित

नैनीताल

हमारे संवाददाता

कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल तथा उससे संबद्ध महाविद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के छात्रसंघ चुनावों में छात्राओं के प्रतिनिधित्व को सुनिश्चित करने के लिए 50 फीसदी पद छात्राओं हेतु आरक्षित किए जाएंगे। बता दें उत्तराखण्ड शासन के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा 17 सितंबर 2026 के जारी पत्र के मुताबिक ऐसे राजकीय विश्वविद्यालयों एवं उनसे संबद्ध महाविद्यालयों जहां छात्राओं का प्रतिशत 66 प्रतिशत से अधिक है वहां छात्रसंघ चुनावों में छात्राओं के प्रतिनिधित्व हेतु 50 प्रतिशत पद आरक्षित किए जाने के संबंध में आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं।शासन के निर्देश के क्रम में कुमाऊँ विश्वविद्यालय की कार्य परिषद द्वारा शुक्रवार को स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके अनुसार विश्वविद्यालय परिसर एवं उससे संबद्ध महाविद्यालयों में वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2026-27 के छात्रसंघ चुनाव 29 सितंबर (मंगलवार) को निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार संपन्न कराए जाएंगे। छात्रसंघ चुनाव में अध्यक्ष,उपाध्यक्ष (छात्र), उपाध्यक्ष (छात्राओं हेतु आरक्षित), सचिव, संयुक्त सचिव (छात्राओं हेतु आरक्षित) तथा कोषाध्यक्ष (छात्राओं हेतु आरक्षित), सांस्कृतिक सचिव के पदों के लिए निर्वाचन होगा। विश्वविद्यालय द्वारा गठित समिति की संस्तुति के आधार पर छात्रसंघ संविधान की समीक्षा की गई है साथ ही आगामी शैक्षणिक सत्र 2027-28 से शासनादेश के अनुरूप छात्रसंघ निर्वाचन में छात्राओं के प्रतिनिधित्व हेतु रोस्टर व्यवस्था स्थापित करने के लिए उच्च स्तरीय समिति गठित किए जाने की भी संस्तुति की गई है। विवि के कुलसचिव प्रो. रजनीश पाण्डे ने बताया कि विश्वविद्यालय शासन के निर्देशों के अनुरूप छात्रसंघ चुनाव प्रक्रिया को निर्धारित नियमों एवं समय.सारणी के अनुसार सम्पन्न कराने के लिए आवश्यक कार्यवाही कर रहा है।

# सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जनपद में 'स्वच्छता ही सेवा-2026' अभियान संचालित

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

भारत सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग तथा आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय के निर्देशों के क्रम में सेवा संकल्प अभियान के अन्तर्गत 'स्वच्छता ही सेवा-2026' कार्यक्रम का व्यापक आयोजन किया जा रहा है।

जिलाधिकारी ललित मोहन रायल के निर्देशानुसार अभियान के अंतर्गत जनपद के सभी नगर निकायों, ग्राम पंचायतों, शासकीय कार्यालयों, विद्यालयों, महाविद्यालयों, धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता एवं जनजागरूकता से जुड़ी विविध गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। अभियान का उद्देश्य स्वच्छता के प्रति



आमजन में जागरूकता बढ़ाने के साथ ही स्वच्छता को जन आंदोलन का स्वरूप प्रदान करना है। इसी क्रम में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें अधिकारियों, कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों, विद्यार्थियों, स्वयंसेवी संस्थाओं एवं स्थानीय नागरिकों ने प्रतिभाग करते हुए सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई की।

इस दौरान लोगों को स्वच्छता बनाए रखने, कूड़े को निर्धारित स्थान पर डालने तथा स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण के निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया गया।अभियान के तहत स्वच्छता श्रमदान, सार्वजनिक स्थलों की सफाई, स्वच्छता जागरूकता रैलियां, जनसंवाद, स्वच्छता शपथ तथा अन्य जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जिला प्रशासन द्वारा सभी विभागों एवं स्थानीय निकायों को अभियान में अधिक से अधिक जनभागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

जिलाधिकारी ने कहा कि स्वच्छता केवल किसी एक विभाग की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। जनभागीदारी के माध्यम से ही स्वच्छ, सुंदर एवं स्वस्थ जनपद का निर्माण किया जा सकता है।